QB365-Question Bank Software

**SET-2**

**Series HRK/2**

कोड नं.
Code No. **3/2/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम अ)

## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 90*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *1×5=5*

जोश मलीहाबादी अपने ख़िदमतगार जुगनू को लेकर आश्रम पहुँच गए और बहुत-सी किताबें भी साथ ले गए । जोश कहते हैं, ठाकुर ने मेरी बड़ी आवभगत की । वे लिखते हैं, 'यों तो आश्रम की ज़िंदगी बेहद सादा थी, सुबह-शाम की चहलक़दमी, दोनों वक़्त का स्नान, रोज़ की मौसिकी और घने पेड़ों के साए में पढ़ना-पढ़ाना उस आश्रम की ज़िंदगी का ज़रूरी हिस्सा थे जिसे अलग नहीं किया जा सकता था । एक ख़ासियत और थी कि वहाँ मांस नहीं खाया जा सकता था ।'

रवींद्रनाथ ठाकुर में एक बात और ख़ास थी – वह यह कि उस दौर में कही उनकी बातें आज भी हालात के मुताबिक़ लगती हैं । भारत की जर्जर शिक्षा-व्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा था, 'इस देश में हम जिसे स्कूल कहते हैं, वह शिक्षा देने का एक कारख़ाना है । अध्यापक इस कारख़ाने का अंग हैं । साढ़े दस बजे घंटी बजती है और कारख़ाना खुल जाता है । कक्षाएँ चलती रहती हैं और साथ ही अध्यापक का मुँह चलता रहता है । चार बजे कारख़ाना बंद हो जाता है और साथ ही अध्यापक रूपी मशीन भी अपना मुँह बंद कर देती है ।' उन्होंने विद्या के दो विभाग माने थे, एक ज्ञान का, दूसरा व्यवहार का ।

जोश कहते हैं, 'हरचंद मैं अध्यात्म के दायरे से निकल कर चिंतन की ओर धीरे से मुड़ रहा था, लेकिन ठाकुर की कविताएँ इसके बावजूद मुझको बेहद प्रभावित किया करती थीं । मैं उनके अनुवाद पढ़-पढ़ कर सिर धुना करता था, क्योंकि मैं बंगाली ज़बान नहीं जानता था । अगर मैं बंगाली भाषा से वाक़िफ़ होता तो ठाकुर की कविताओं को समझने की तरह समझ सकता लेकिन मुझको इसका बेहद अफ़सोस है कि मैं उनकी कविताओं को अंग्रेज़ी अनुवाद से समझ रहा हूँ, बंगालियों की तरह समझ नहीं सकता ।'


QB365-Question Bank Software

मैं ठाकुर के साथ रहा ही कितना, फिर भी कह सकता हूँ कि धर्म के मामले में वे बड़े ही खुले दिल के थे । निहायत ज़िंदादिल, बेहद शरीफ़, हद से ज़्यादा बेतकल्लुफ़ और ख़ुशमिज़ाज तबियत के इंसान थे ।

(i) आश्रम की ज़िंदगी के बारे में जोश ने कहा

(क) वहाँ की ज़िंदगी सरल और नीरस थी

(ख) अध्ययन-अध्यापन वहाँ का अहम हिस्सा था

(ग) वहाँ की ख़ासियत मांसाहारी भोजन भी था

(घ) वहाँ घने पेड़ों के साए में ही रहना पड़ता था

(ii) रवींद्रनाथ मानते थे कि आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था में अध्यापक और छात्रों के बीच संबंध

(क) नीरस और उबाऊ है

(ख) गुरु और शिष्य के जैसा है

(ग) मशीन और कारख़ाने जैसा है

(घ) घनिष्ठता से परिपूर्ण है

(iii) रवींद्रनाथ के अनुसार शिक्षा के सही मायने हैं

(क) व्यापक ज्ञान प्राप्त करना

(ख) साहित्यिक ज्ञान में दक्षता

(ग) सामान्य ज्ञान का उपार्जन

(घ) ज्ञान और व्यवहार का तालमेल

QB365-Question Bank Software

(iv) जोश को किस बात का दुख था ?

(क) वे रवींद्रनाथ ठाकुर के साथ ज़्यादा समय नहीं रह पाए

(ख) उन्हें किन्हीं कारणों से जल्दी लौटना पड़ा

(ग) उनकी सारी पुस्तकें शांति-निकेतन में ही छूट गईं

(घ) उन्हें बंगाली भाषा नहीं आती थी

(v) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(क) जोश की यादें

(ख) जोश मलीहाबादी

(ग) ख़िदमतगार जुगनू

(घ) अध्यात्म से चिंतन तक

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *1×5=5*

नालंदा विश्वविद्यालय भौगोलिक रूप से दक्षिण बिहार-स्थित राजगीर के समीप है । इसके ध्वंसावशेष आज भी बड़ागाँव तक फैले हुए हैं । ऐसा माना जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना बौद्ध संन्यासियों द्वारा की गई थी, जिनका मूल उद्देश्य एक ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना करना था जो ध्यान व अध्यात्म के लिए उपयुक्त हो । ऐसा माना जाता है कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा की कई बार यात्रा की थी । बहरहाल, इस विश्वविद्यालय का निर्माण कब हुआ था इसे लेकर विद्वानों में एक राय नहीं है । लेकिन ऐतिहासिक दस्तावेज़ों से जानकारी मिलती है कि इस विश्वप्रसिद्ध विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्तवंशी शासक कुमारगुप्त ने की थी ।


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

नालंदा विश्वविद्यालय के अधिकतर छात्र तिब्बतीय बौद्ध-संस्कृतियों — वज्रयान और महायान से सम्बद्ध थे । विश्वविद्यालय-प्रशासन अनुशासन के प्रति जितना कठोर था, शिक्षा को लेकर उतना ही जागरूक, संवेदनशील और सतर्क था । यह इसी से समझा जा सकता है कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को पहले द्वारपाल से वाद-विवाद करना पड़ता था और फिर उसमें उत्तीर्ण होने पर ही उन्हें प्रवेश मिलता था । छात्रों को रहने के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध थी । इत्सिंग के लेखन के अनुसार यहाँ होने वाली चर्चाओं में सभी की भागीदारी आवश्यक थी । सभा में मौजूद सभी लोगों के फैसले पर संयुक्त रूप से आम सहमति की आवश्यकता होती थी । विश्वविद्यालय के संचालन के लिए राजाओं द्वारा विशेष अनुदान दिया जाता था लेकिन विश्वविद्यालय के संचालन में उनका किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं था । आश्चर्य यह कि बौद्ध धर्म को न मानने वाले शासक भी इस विश्वविद्यालय को भरपूर अनुदान देते थे । यह शिक्षा के प्रति उनकी अनुरक्ति को ही रेखांकित करता है ।

(i) बौद्ध संन्यासियों ने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना क्यों की थी ?

(क) ध्यान और अध्यात्म के लिए उपयुक्त व्यवस्था हो सके

(ख) राष्ट्र की शैक्षिक व्यवस्था में सुधार हो सके

(ग) देश का गौरव बढ़ाया जा सके

(घ) महात्मा बुद्ध के सिद्धांतों का प्रचार हो सके

(ii) नालंदा विश्वविद्यालय के बारे में क्या ***नहीं*** कहा गया है ?

(क) इसके निर्माण के समय को लेकर विचारक एकमत नहीं है

(ख) वैश्विक धरोहर में शामिल किया जा चुका है

(ग) इसकी स्थापना कुमारगुप्त ने की थी

(घ) इसके अवशेष दक्षिण बिहार में पाए जाते हैं


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

(iii) इस विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को क्या करना पड़ता था ?

(क) जागरूक, संवेदनशील और सतर्क होने का प्रमाण देना पड़ता था

(ख) लिखित प्रवेश-परीक्षा उत्तीर्ण करना ज़रूरी था

(ग) द्वारपाल से वाद-विवाद में अपना सिक्का जमाना पड़ता था

(घ) आर्थिक संपन्नता का प्रमाण-पत्र देना पड़ता था

(iv) बौद्ध धर्म न मानने वाले शासकों की उदारता का पता चलता है

(क) शिक्षा के प्रति उनकी अनुरक्ति से

(ख) उनके द्वारा पर्याप्त अनुदान देने से

(ग) उनके द्वारा संचालन करने से

(घ) विश्वविद्यालय के किसी भी फ़ैसले पर उनकी सहमति से

(v) विश्वविद्यालय में भारत के अतिरिक्त किन देशों के विद्यार्थी पढ़ने आते थे ?

(क) पाकिस्तान, चीन, श्रीलंका और कोरिया

(ख) जावा, चीन, नेपाल, ईरान और कोरिया

(ग) जावा, चीन, तिब्बत, श्रीलंका और कोरिया

(घ) नेपाल, जापान, तिब्बत, जावा और कोरिया


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**3.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *1×5=5*

जीवन की आपाधापी में कब वक़्त मिला
कुछ देर कहीं पर बैठ कभी यह सोच सकूँ
जो किया, कहा, माना उसमें क्या बुरा भला ।

जिस दिन मेरी चेतना जगी मैंने देखा
मैं खड़ा हुआ हूँ इस दुनिया के मेले में,
हर एक यहाँ पर एक भुलाने में भूला
हर एक लगा है अपनी-अपनी दे-ले में
कुछ देर रहा हक्का-बक्का, भौंचक्का-सा,
आ गया कहाँ, क्या करूँ यहाँ, जाऊँ किस ज़ा ?
फिर भी एक तरफ़ से आया ही तो धक्का-सा
मैंने भी बहना शुरू किया उस रेले में,
क्या बाहर की ठेला-पेली ही कुछ कम थीं,
जो भीतर भी भावों का ऊहापोह मचा,
जो किया, उसी को करने की मज़बूरी थी,
जो कहा, वही मन के अंदर से उबल चला,
जीवन की आपाधापी में कब वक़्त मिला
कुछ देर कहीं पर बैठ कभी यह सोच सकूँ
जो किया, कहा, माना उसमें क्या बुरा भला ।


QB365-Question Bank Software

(i) जीवन की आपाधापी में मानव को किसके लिए समय ***नहीं*** मिला ?

(क) आत्मविश्लेषण करने का

(ख) अपना भला सोचने का

(ग) दूसरों के बारे में सोचने का

(घ) कहीं पर बैठने का

(ii) चेतना जागने पर कवि ने क्या महसूस ***नहीं*** किया ?

(क) वह दुनिया के मेले में अकेला खड़ा है

(ख) यहाँ सभी एक-दूसरे से गिले-शिकवे कर रहे हैं

(ग) सब लेन-देन में व्यस्त हैं

(घ) हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को भी भूल गया है

(iii) कवि हक्का-बक्का क्यों है ?

(क) मेले के ठाठ-बाट उसे आकर्षित कर रहे थे

(ख) उसका मित्र नहीं मिल रहा था

(ग) उसे अपना गंतव्य नहीं मिल रहा था

(घ) मेले में अपने लोग मिल गए थे

(iv) 'क्या बाहर की ठेला-पेली ही कुछ कम थीं,
जो भीतर भी भावों का ऊहापोह मचा' – का भाव है

(क) ठेलों पर सामान बिक रहा था और जेब में पैसा नहीं था

(ख) भावनाओं की ऊहापोह से हैरान-परेशान था

(ग) रेलम-पेल में अपने को छोड़ दिया

(घ) भागमभाग के बीच भी मन के भाव कविता लिखने को उकसाते थे

(v) 'मन के अंदर से उबल चला' से क्या अभिप्राय है ?

(क) मन की भावनाओं पर उसका अंकुश नहीं है

(ख) वह भीड़-भाड़ से क्रोधित हो गया

(ग) वह दुनिया के ताम-झाम में फँस गया

(घ) उसका मन इधर-उधर भटक रहा था


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *1×5=5*

मकान चाहे कच्चे थे,
लेकिन रिश्ते सारे सच्चे थे
चारपाई पर बैठते थे
पास-पास रहते थे ...
सोफ़े और डबल बैड आ गए
दूरियाँ हमारी बढ़ा गए ...
छतों पर अब न सोते हैं
बात-बतंगड़ अब न होते हैं ...
आँगन में वृक्ष थे
साझे सुख-दुख थे ...
दरवाज़ा खुला रहता था
राही भी आ बैठता था ...
कौवे भी काँवते थे
मेहमान आते-जाते थे ...
एक साइकिल ही पास था
फिर भी मेल-जोल था ...
रिश्ते निभाते थे
रूठते मनाते थे ...
पैसा चाहे कम था
माथे पर न ग़म था ...
मकान चाहे कच्चे थे
रिश्ते सारे सच्चे थे ...
अब शायद कुछ पा लिया है,
पर लगता है कि बहुत कुछ गँवा दिया है ...


QB365-Question Bank Software

(i) रिश्तों में दरारें कब पड़ गईं ?

(क) जब पक्के मकानों में दिखावे ने अपनी जगह बनाई

(ख) जब छतों पर लोगों ने सोना शुरू कर दिया

(ग) जब कच्चे मकानों में पड़ोसी ज़बरन आ गए

(घ) लोगों ने अपने-अपने घर दूर-दूर बना लिए

(ii) आँगन में वृक्ष थे
साझे सुख-दुख थे ... – का भावार्थ है

(क) वृक्ष के नीचे ही दुख झेलते थे

(ख) वृक्ष के नीचे ही सुख पाते थे

(ग) आँगन का वृक्ष सुख-दुख का साझीदार था

(घ) आँगन के वृक्ष पर सबका अधिकार था

(iii) कवि कच्चे घरों वाले समय को आज भी बेहतर क्यों मानता है ?

(क) रिश्तों में अपनत्व और गर्माहट के कारण

(ख) एक साइकिल होने से प्रदूषण में कमी के कारण

(ग) दरवाज़ा खुला रहने पर भी चोरी न होने के कारण

(घ) छतों पर बात-बतंगड़ होने के कारण

(iv) 'रिश्ते निभाते/रूठते मनाते थे' ... कथन से कवि किस तथ्य को उजागर करना चाहता है ?

(क) स्वार्थ

(ख) अहंकार

(ग) परस्पर सौहार्द

(घ) हर्षोल्लास

(v) कवि भावुक क्यों हो उठा है ?

(क) उसने अपना परिवार खो दिया है

(ख) अब सद्भावना नहीं दिखती है

(ग) अब धैर्य और आशा नहीं है

(घ) पैसे का अभाव हो गया है


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड ख

**5.** निर्देशानुसार कीजिए : *1×3=3*

(क) जब सुबह का समय होता है तब पक्षी नीम की फुनगी पर आ टिकते हैं । (सरल वाक्य बनाइए)

(ख) पांगर का मौसम ख़त्म होते ही यह मेला उठकर सहजन पर आ जाता है । (मिश्र वाक्य बनाइए)

(ग) बाज़ आकर छोटे पक्षियों को झपट लेते हैं । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**6.** निर्देशानुसार वाच्य-परिवर्तित कीजिए : *1×4=4*

(क) फ़ाख़्ताएँ गीतों को सुर देती हैं । (कर्मवाच्य में)

(ख) फुरसत में मैना द्वारा ख़ूब रियाज़ किया जाता है । (कर्तृवाच्य में)

(ग) वह पाँव में सूजन के कारण चल नहीं सकती । (भाववाच्य में)

(घ) बच्ची से साँस नहीं लिया जा रहा था । (कर्तृवाच्य में)

**7.** निम्नलिखित रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए : *1×4=4*

<u>भले</u> आदमी ! कोई भी <u>व्यक्ति</u> बिना <u>अपना</u> सुधार किए औरों को कैसे <u>सुधारेगा</u> ?

**8.** (क) निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर रस पहचानकर लिखिए : *1×2=2*

(i) अथवा अधिक कहना वृथा है, पार्थ का प्रण है यही
साक्षी रहे सुन ये वचन रवि, शशि, अनल, अंबर, मही ।
सूर्यास्त से पहले न जो मैं कल जयद्रथ – वध करूँ,
तो शपथ करता हूँ स्वयं मैं ही अनल में जल मरूँ ।

(ii) भूख से सूख ओंठ जब जाते
दाता-भाग्यविधाता से क्या पाते ?
चाट रहे जूठी पत्तल वे कभी सड़क पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए ।


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

(ख) (i) निम्नलिखित काव्यांश में कौन-सा स्थायी भाव है ? *1*

किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पुनि-पुनि तिहिं अवागहत ।
बाल-दसा सुख निरखि जसोदा, पुनि-पुनि नंद बुलावत ।
अंचरा तर लै ढांकि, सूर के प्रभु कौ दूध पियावत ।

(ii) रौद्र रस का स्थायी भाव लिखिए । *1*

## खण्ड ग

**9.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

अत्रि की पत्नी पत्नी-धर्म पर व्याख्यान देते समय घंटों पांडित्य प्रकट करे, गार्गी बड़े-बड़े ब्रह्मवादियों को हरा दे, मंडन मिश्र की सहधर्मचारिणी शंकराचार्य के छक्के छुड़ा दे ! ग़ज़ब ! इससे अधिक भयंकर बात और क्या हो सकेगी ! यह सब पापी पढ़ने का अपराध है । न वे पढ़तीं, न वे पूजनीय पुरुषों का मुक़ाबला करतीं । यह सारा दुराचार स्त्रियों को पढ़ाने ही का कुफल है । समझे ? स्त्रियों के लिए पढ़ना कालकूट और पुरुषों के लिए पीयूष का घूँट ! ऐसी ही दलीलों और दृष्टांतों के आधार पर कुछ लोग स्त्रियों को अपढ़ रखकर भारतवर्ष का गौरव बढ़ाना चाहते हैं ।

(क) लेखक ने शिक्षित स्त्रियों की योग्यता के क्या प्रमाण दिए हैं ?

(ख) स्त्रियों को अपढ़ रखकर क्या भारत का गौरव बढ़ाना संभव है ? अपने विचार प्रकट कीजिए ।

(ग) लोगों ने स्त्रियों के पढ़ाने का कुफल क्या बताया है ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : *2×5=10*

(क) मन्नू भंडारी के पिताजी की स्वाभाविक प्रवृत्ति कैसे थी ?

(ख) स्त्री-शिक्षा के पक्ष में एक तर्क पाठ के आधार पर दीजिए ।

(ग) बिस्मिल्ला खाँ अपनी शहनाई-वादन की कला को ख़ुदा की मेहरबानी मानते हैं । कारण स्पष्ट कीजिए ।

(घ) पेट भरा और तन ढँका होने पर भी मनुष्य को नींद न आने का क्या कारण रहा होगा ?

(ङ) रूस का भाग्यविधाता किसे कहा गया है और क्यों ?


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**11.** निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2+2+1=5*

यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गाया जा सकता है
गाया जा चुका राग
और उसकी आवाज़ में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है
या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है
उसे विफलता नहीं
उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए ।

(क) संगतकार मुख्य-गायक को क्या अहसास कराना चाहता है ?

(ख) संगतकार की आवाज़ में कौन-सी हिचक दिखाई देती है ? क्यों ?

(ग) कैसी कोशिश को मानवता माना है ?

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'कन्यादान' कविता में 'पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' — कहकर माँ क्या समझाना चाहती है ?

(ख) वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक-भ्रम किसलिए कहा गया है ?

(ग) 'छाया मत छूना' कविता में क्या संदेश निहित है ?

(घ) 'केवल मुनि जड़ जानहि मोहीं' – परशुराम के इस कथन में समाज की किस भावना की ओर संकेत है ?

(ङ) धनुष को तोड़ने वाला कोई आपका दास होगा – ऐसा कब और क्यों कहा गया ?

**13.** आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है ? इसे रोकने में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आलोक में जीवन-मूल्यों के आधार पर उत्तर दीजिए । *5*


QB365-Question Bank Software

**खण्ड घ**

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : *10*

(क) भारतीय किसान

- कृषि-प्रधान देश
- किसान की समस्याएँ
- वर्तमान स्थिति

(ख) नारी के प्रति समाज की सोच

- संकीर्ण सोच
- सोच को बदलना ज़रूरी
- बराबरी का दर्जा

(ग) लोकतंत्र

- लोकतंत्र का अभिप्राय
- नागरिकों की भूमिका
- हमारा दायित्व

**15.** आप विद्यालय की फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और कुछ मित्रों ने आप पर आरोप लगाया है कि आपने एक खिलाड़ी को खेल के आधार पर नहीं, मित्रता के आधार पर चुना है । अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए विद्यालय के खेल-संयोजक को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

बहन को पत्र लिखकर बताइए कि योगासन सीखना और उनका अभ्यास करना क्यों ज़रूरी है ।

QB365-Question Bank Software

**16.** निम्नलिखित गद्यांश का शीर्षक लिखकर एक-तिहाई शब्दों में सार लिखिए : *5*

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में चिंतित है । सभ्यता की अग्रगति के साथ ही चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है । इस व्यावसायिक युग में उत्पादन की होड़ लगी हुई है । कुछ देश विकसित कहे जाते हैं, कुछ विकासोन्मुख । विकसित देश वे हैं जहाँ आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग हो रहा है । ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते हैं और उस सामग्री की खपत के लिए बाज़ार ढूँढ़ते रहते हैं । अत्यधिक उत्पादन-क्षमता के कारण ही ये देश विकसित और अमीर हैं । विकासोन्मुख या ग़रीब देश उनके समान ही उत्पादन करने की आकांक्षा रखते हैं और इसलिए उन सभी आधुनिक तरीक़ों की जानकारी प्राप्त करते हैं । उत्पादन-क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं । इसका परिणाम यह हुआ है कि सारे संसार में उन वायुमंडल-प्रदूषण यंत्रों की भीड़ बढ़ने लगी है जो विकास के लिए परम आवश्यक माने जाते हैं । इन विकास-वाहक उपकरणों ने अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं । वायुमंडल विषाक्त गैसों में ऐसा भरता जा रहा है कि संसार का सारा पर्यावरण दूषित हो उठा है, जिससे वनस्पतियों तक के अस्तित्व संकटापन्न हो गए हैं । अपने बढ़ते उत्पादन को खपाने के लिए हर शक्तिशाली देश अपना प्रभाव-क्षेत्र बढ़ा रहा है और आपसी प्रतिद्वंद्विता इतनी बढ़ गई है कि सभी ने मारक-घातक अस्त्रों का विशाल भंडार बना रखा है ।


QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software


# सैकेंडरी स्कूल परीक्षा

## मार्च – 2017

## अंक-योजना – हिंदी ('अ') कोड संख्या 3/2/1, 2, 3

सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।

**<u>विशेष निर्देश</u> :**

**माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर में यदि विद्यार्थी पूरे विकल्प (वाक्य/वाक्यांश/शब्द) को न लिखकर केवल (क)/(ख) इत्यादि उपयुक्त विकल्प ही लिखें तो उसे भी स्वीकारें ।
2. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। अंक-योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं। यदि परीक्षार्थी ने इनसे भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दिए हैं तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
3. परीक्षकों के साथ जब तक प्रथम दिन वैयक्तिक अथवा सामूहिक रूप से अंक-योजना पर भली-भाँति विचार-विनिमय नहीं हो जाता तब तक मूल्यांकन आरंभ न कराया जाए।
4. मूल्यांकन-कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक-योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।
5. प्रश्न के उपभागों के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ, बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए।
6. यदि प्रश्न का कोई उपभाग नहीं है तो उस पर बाईं ओर ही अंक दिए जाएँ।
7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है तो जहाँ प्रश्न को पहले हल किया गया है उस पर अंक दें और बाद में किए हुए को काट दें।
8. संक्षिप्त किंतु उपयुक्त विवेचन के साथ प्रस्तुत किया गया बिंदुवार उत्तर विस्तृत विवेचन की अपेक्षा अच्छा माना जाएगा। ऐसे उत्तरों को उचित महत्त्व देने की अपेक्षा है।
9. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटें।
10. शब्द-सीमा से अधिक शब्द होने पर भी अंक न काटे जाएँ।
11. प्राय: यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि परीक्षक सहानुभूति में 30 % अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 33 % अंक देकर उत्तीर्ण कर देते है, या कहीं एक अंक केवल इस आधार पर काट लेते है कि पूरे अंक नहीं दिए जा सकते। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने - 0 से 90 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात् परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 90 अंक दिए जाने चाहिए।
12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि कोई उत्तर पूर्णत: गलत मिलता है तो उस उत्तर पर गलत (✕) चिह्नित कर शून्य अंक दिए जाएँ।

QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'क'** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | | |
| | (i) | (i) | (i) | (क) | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (ख) | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (ग) | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (ख) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | सभी विकल्प स्वीकार्य हैं। | 1<br>**5** |
| 2 | 2 | 1 | 2 | | |
| | (i) | (i) | (i) | (ख) | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (ग) | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (घ) | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (घ) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (क) | 1<br>**5** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 3 | 3 | 3 | 4 | | |
| | (i) | (i) | (i) | (क) | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (ख) | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (ग) | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (घ) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (क) | 1<br>5 |
| 4 | 4 | 4 | 3 | | |
| | (i) | (i) | (i) | (क) | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (ग) | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (क) | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (ग) | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (ख) | 1<br>5 |



QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड - 'ख'** | |
| 5 | 5 | - | - | | |
| | (क) | - | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | (ख) | - | - | यह पक्षी जो मझोले आकार का है, वह बहुत सजीला होता है। | 1 |
| | (ग) | - | - | पक्षी की आवाज़ मीठी है इसलिए हम उसे पहचानते हैं। | 1<br>**3** |
| | - | 5 | - | | |
| | - | (क) | - | सुबह के समय पक्षी नीम की फुनगी पर आ टिकते हैं। | 1 |
| | - | (ख) | - | ज्यों ही / जैसे ही पांगर का मौसम खत्म होता है, यह मेला उठकर सहजन पर आ जाता है /<br>ज्यों ही / जैसे ही पांगर का मौसम खत्म होता है, त्यों ही / वैसे ही यह मेला उठकर सहजन पर आ जाता है। | 1 |
| | - | (ग) | - | बाज आते हैं और छोटे पक्षियों को झपट लेते हैं। | 1<br>**3** |
| | - | - | 5 | | |
| | - | - | (क) | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | - | (ख) | जो तोते और मैनाएँ यहाँ आते थे, वे अब नहीं आते। | 1 |

QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | – | (ग) | चील की आवाज में एक लहर-सी आती है और वह धीरे-धीरे हवा में घुल जाती है। | 1<br>**3** |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | तोतों द्वारा / के द्वारा उन्मुक्त किलकारियाँ भरते हुए शोर मचाया जाता है। | 1 |
| | (ख) | – | – | तोते और मैना भी सभा करते हैं। | 1 |
| | (ग) | – | – | बच्चों से तेज़ दौड़ा जाता है। | 1 |
| | (घ) | – | – | बीमारी के कारण वह उठ नहीं पाता / सकता / बीमारी के कारण वह उठ नहीं पाती / सकती। | 1<br>**4** |
| | – | 6 | – | | |
| | – | (क) | – | फ़ाख़्ताओं द्वारा / के द्वारा गीतों को सुर दिया जाता है। | 1 |
| | – | (ख) | – | फ़ुरसत में मैना खूब रियाज़ करती है। | 1 |
| | – | (ग) | – | पाँव में सूजन के कारण उससे चला नहीं जाता / जा सकता। | 1 |
| | – | (घ) | – | बच्ची साँस नहीं ले पा रही थी। | 1<br>**4** |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II  3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')  कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | इनके द्वारा पत्तियों से कीड़ों को चुगा जाता है। | 1 |
| | – | – | (ख) | आकर्षक विज्ञापन पर्यटन को बढ़ावा देता है। | 1 |
| | – | – | (ग) | चोट के बावजूद उससे तेज़ भागा जा सकता है। | 1 |
| | – | – | (घ) | आज़ादी के बाद पैदल रास्तों के साथ-साथ सड़कें भी बनीं। | 1<br>4 |
| 7 | 7 | – | – | • **सही व्याकरणिक कोटि के लिए ½ अंक दें।**<br>• **अन्य किसी एक बिंदु के लिए ½ अंक दें।** | |
| | | | | दुश्मन – संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक | 1 |
| | | | | नहीं – क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'है' क्रिया का विशेषण | 1 |
| | | | | चंचल – विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, विशेष्य – 'मन' | 1 |
| | | | | आपका – सर्वनाम, पुरुषवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक | 1<br>4 |
| | – | 7 | – | • **सही व्याकरणिक कोटि के लिए ½ अंक दें।**<br>• **अन्य किसी एक बिंदु के लिए ½ अंक दें।** | |
| | | | | भले – विशेषण, गुणवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य – 'आदमी' | 1 |
| | | | | व्यक्ति – संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक | 1 |
| | | | | अपना – विशेषण, सार्वनामिक, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य – 'सुधार' | 1 |
| | | | | सुधारेगा – क्रिया, सकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, भविष्यत् काल | 1<br>4 |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | 7 | • **सही व्याकरणिक कोटि के लिए ½ अंक दें।**<br>• **अन्य किसी एक बिंदु के लिए ½ अंक दें।** | |
| | | | | हम – सर्वनाम, पुरुषवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग / स्त्रीलिंग, कर्ता कारक, 'सकेंगे' क्रिया का कर्ता | 1 |
| | | | | अपनी – विशेषण, सार्वनामिक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, विशेष्य – 'त्रुटियों' | 1 |
| | | | | समाज की – संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक | 1 |
| | | | | सेवा – संज्ञा, भाववाचक, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक | 1<br>**4** |
| 8 | 8 (क) | 8 (क) | 8 (क) | | |
| | (i) | (i) | (i) | रौद्र रस | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | करुण रस | 1 |
| | (ख) | – | – | | |
| | (i) | – | – | विस्मय / आश्चर्य / वात्सल्य | 1 |
| | (ii) | – | – | शोक / करुणा | 1<br>**4** |
| | – | (ख) | – | | |
| | – | (i) | – | वात्सल्य | 1 |
| | – | (ii) | – | क्रोध | 1<br>**4** |
| | – | – | (ख) | | |
| | – | – | (i) | वात्सल्य | 1 |
| | – | – | (ii) | हास | 1=**4** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड - 'ग'** | |
| 9 | 9 (क) | 9 (क) | 9 (क) | अत्रि की पत्नी द्वारा घंटों व्याख्यान देना, पुरुषों का मुकाबला करना, गार्गी द्वारा बड़े-बड़े ज्ञानियों को हरा देना, मंडन मिश्र की पत्नी द्वारा शंकराचार्य के छक्के छुड़ाना आदि। (किन्हीं दो बिंदुओं पर अंक दिए जाएँ।) | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | तर्कपूर्ण उत्तरों को स्वीकार किया जाए। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | पढ़-लिखकर स्त्रियों द्वारा पुरुषों का मुकाबला करना, उन्हें हरा देना, उनसे तर्क-वितर्क करना | 1<br>**5** |
| 10 | 10 (क) | 10 (क) | 10 (क) | • अस्त-व्यस्त तरीके से कार्य करना, एक ओर बेहद कोमल और संवेदनशील तो दूसरी ओर बेहद क्रोधी और अहंवादी, यश पाने की लालसा, नवाबी आदतें, दरियादिली, अधूरी महत्वाकांक्षाएँ, शक्की स्वभाव आदि। (किन्हीं दो बिंदुओं पर अंक दिए जाएँ) | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • स्त्री शिक्षा से समाज की उन्नति होगी और भावी पीढ़ी शिक्षित होगी।<br>• स्त्री शिक्षा के विरोधियों के कुतर्कों का खंडन | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | (ग) | (ग) | विनम्रता, सच्चे कलाकार की निशानी, बालाजी और काशी विश्वनाथ के मंदिर में आस्था, पाँचों वक्त की नमाज़ में सच्चे सुर का आशीर्वाद पाने की इच्छा आदि।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | सच्चे अर्थों में संस्कृत व्यक्ति को नवीन ज्ञान की लालसा में नींद नहीं आती। वह खुले आकाश के नीचे लेटा हुआ चमकते तारों का रहस्य जानने के लिए बेचैन रहता है। | 2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • लेनिन को<br>• सबके सुख-दुख के प्रति संवेदनशील | 1+1=<u>2</u><br>**<u>10</u>** |
| 11 | 11<br>(क) | 11<br>(क) | 11<br>(क) | गाया जा चुका राग फिर गाया जा सकता है, मुख्य गायक अकेला नहीं है। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • मुख्य गायक की आवाज़ से ऊँचा न गाने की कोशिश से उपजी हिचक<br>• उसकी आवाज़ मुख्य गायक से ऊँची न हो जाए। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | सक्षम होते हुए भी मुख्य गायक की आवाज़ से ऊँचा न गाने या मुख्य कलाकार से आगे न बढ़ने की कोशिश को | <u>1</u><br>**<u>5</u>** |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 12 (क) | 12 (क) | 12 (क) | कमज़ोर या असहाय बनकर न जीना, अत्याचारों का विरोध करना, अपना अस्तित्व बनाए रखना आदि। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | जिस प्रकार शब्दों द्वारा किसी को भ्रम में डाला जा सकता है, उसी प्रकार वस्त्र और आभूषणों द्वारा भी स्त्री को बंधनों में डालने का प्रयास किया जा सकता है। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | जीवन के यथार्थ से मुख न मोड़ना, अतीत की सुखद यादों को याद करके समय व्यर्थ न करना, वर्तमान जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करके भविष्य को सँवारना, यश, मान, बड़प्पन, वैभव के छलावे में न आना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | किसी के कार्य, वेशभूषा आदि के आधार पर पूर्वाग्रह बना लेना, उदाहरण के लिए ऐसा सोचना कि यदि कोई मुनि है तो वह सीधा-सरल, विवश, सब-कुछ सहन करने वाला, अहिंसा में विश्वास रखने वाला ही होगा। | 2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • सीता स्वयंवर में शिव-धनुष के टूटने के बाद परशुराम के अत्यंत क्रोधित होकर पूछने पर<br>• विनम्र शब्दों द्वारा परशुराम के क्रोध को शांत करने के लिए | 1+1=2<br>**10** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/2/1, 3/2/2, 3/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 13 | 13 | 13 | 13 | (विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उपयुक्त उत्तर स्वीकार्य) | **5** |
| | | | | **खंड – 'घ'** | |
| 14 | 14 | 14 | 14 | निबंध–लेखन<br>• प्रारंभ और समापन<br>• विषय–वस्तु (चार बिंदु अपेक्षित)<br>• प्रस्तुति और भाषा | <br>2<br>6<br>2<br>**10** |
| 15 | 15 | 15 | 15 | पत्र–लेखन<br>• प्रारूप / औपचारिकताएँ<br>• विषय–सामग्री<br>• भाषा | <br>1<br>3<br>1<br>**5** |
| 16 | 16 | 16 | 16 | सार–लेखन<br>• शीर्षक<br>• उपयुक्त सार (लगभग एक तिहाई शब्दों में) | <br>1<br>4<br>**5** |